# मध्यप्रदेश विधान सभा

## फरवरी-मार्च, 2018 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

**सोमवार, दिनांक 12 मार्च, 2018 (फाल्गुन 21, 1939)**

**समय 11.00 बजे दिन.**

### 1. प्रश्नोत्तर.

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना.

(1) सुश्री कुसुम सिंह महदेले, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री, कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित, भोपाल का चतुर्थ वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2015-2016 पटल पर रखेंगी.

(2) श्री अंतर सिंह आर्य, पर्यावरण मंत्री, जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 40 की उपधारा (7) एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 36 की उपधारा (7) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का वार्षिक लेखा परीक्षण प्रतिवेदन वर्ष 2016-2017 पटल पर रखेंगे.

(3) श्री जयभान सिंह पवैया, उच्च शिक्षा मंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2011 (क्रमांक 34 सन् 2011) की धारा 44 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय का पंचम् वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2016-2017 पटल पर रखेंगे.

(4) श्री लालसिंह आर्य, राज्यमंत्री नर्मदा घाटी विकास, कंपनी अधिनियम, 2013 (क्रमांक 18 सन् 2013) की धारा 395 की उपधारा (1) (ख) की अपेक्षानुसार एन.एच.डी.सी.लिमिटेड की 17 वीं वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2016-2017 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण.

(1) सर्वश्री सुन्दरलाल तिवारी, आरिफ अकील, सदस्य, राज्य शासन द्वारा परिवार की परिभाषा बदले जाने से राज्य बीमारी सहायता का लाभ पात्र व्यक्तियों को न मिलने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री के.के. श्रीवास्तव, सदस्य, टीकमगढ़ जिले की समूह जल प्रदाय योजना बानसुजारा से पेयजल व्यवस्था न होने की ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति.

श्री जयसिंह मरावी, सभापति, प्रत्यायुक्त विधान समिति का ग्यारहवां एवं बारहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे.

### 5. याचिकाओं की प्रस्तुति.

(1) श्री गोविन्द सिंह पटेल, सदस्य, नरसिंहपुर जिले के ग्राम इमालिया के पास ऊमर नदी पर पुल निर्माण किये जाने,

(2) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले में लहार स्थित सिविल अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मछण्ड मिहोना एवं अन्य में रिक्त पदों पर स्टॉफ की पूर्ति करने,

(3) इंजी. प्रदीप लारिया, सदस्य, सागर जिले के ग्राम भापेल में पुल के पास स्टॉप डेम बनाये जाने,

(4) श्री प्रहलाद भारती, सदस्य, शिवपुरी जिले के ग्राम सिरसोद से जामखो के बीच सड़क निर्माण किये जाने,

(5) श्रीमती ममता मीना, सदस्य, गुना जिले के ग्राम फतेहपुर से बसेड़ तक मार्ग निर्माण किये जाने,

(6) कुंवर सौरभ सिंह, सदस्य, कटनी जिले के ग्राम गाड़ा में सुहार नदी पर स्टापडेम निर्माण किये जाने,

(7) श्री लखन पटेल, सदस्य, दमोह जिले के ग्राम नरसिंहगढ़ में सामुदायिक भवन का निर्माण किये जाने,

(8) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य, श्योपुर जिले के ग्राम नीमखेड़ा में प्राथमिक शाला भवन निर्माण किये जाने,

(9) श्री सत्यपाल सिंह सिकरवार, सदस्य, मुरैना जिले के ग्राम जतावर में आंगनवाड़ी भवन निर्माण किये जाने,

(10) श्री हर्ष यादव, सदस्य, सागर जिले के देवरी नगरपालिका की दो नदियां झुनकू एवं सुखचैन को प्रदूषण से मुक्त करने हेतु (सीवेज सिस्टम) वाटर ड्रेनेज स्थापित किये जाने,

(11) श्री कुंवरजी कोठार, सदस्य, राजगढ़ जिले के ग्राम गुलावता में आंगनवाड़ी भवन स्वीकृत किये जाने,

(12) श्री दिनेश राय 'मुनमुन', सदस्य, सिवनी जिले के ग्राम गोपालगंज से बड़कुमारी मार्ग पर पुल निर्माण कराये जाने,

(13) श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम खारापिण्डरई के कन्हान नदी पर पुलिया का निर्माण किये जाने,

(14) पं. रमाकान्त तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम उमरी के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(15) श्री शैलेन्द्र पटेल, सदस्य, सीहोर जिले के इछावर में ब्लाक भवन की मरम्मत और बाउन्ड्रीवाल निर्माण किये जाने,

(16) श्री आर.डी. प्रजापति, सदस्य, छतरपुर जिले के ग्राम नाहरपुर से निघवापुखरी एवं अन्य ग्रामों तक सड़क निर्माण किये जाने,

(17) श्री शैलेन्द्र जैन, सदस्य, सागर के तिली वार्ड में किशोर न्यायालय के पास सड़क एवं नाली निर्माण किये जाने,

(18) श्री संदीप जायसवाल, सदस्य, कटनी नगर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने,

(19) श्री कालुसिंह ठाकुर, सदस्य, धार जिले के ग्राम गुजरी से जहांगीरपुरा तक रोड निर्माण किये जाने,

(20) श्री मुरलीधर पाटीदार, सदस्य, आगर जिले के ग्राम कड़ूला से बड़ागांव तक पक्की सड़क एवं नाली निर्माण किये जाने,

(21) श्री शंकरलाल तिवारी, सदस्य, सतना जिले में मेडीकल कॉलेज खोले जाने,

(22) श्री अनिल जैन, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के ग्राम चंदावनी से हरपालपुर एवं धमना से चचावली तक पक्की सड़क निर्माण किये जाने,

(23) श्रीमती उमादेवी खटीक, सदस्य, दमोह जिले के ग्राम बरखेड़ा कलार एवं देवरागढ़ी में आंगनवाड़ी भवन बनाये जाने,

(24) कुंवर विक्रम सिंह, सदस्य, छतरपुर जिले के ग्राम बम्होरी बहादुरजू से सेवड़ी तक मार्ग निर्माण किये जाने,

(25) श्री रामनिवास रावत, सदस्य, श्योपुर जिले के ग्राम हीरापुरा से अर्रोदरी तक पक्की सड़क का निर्माण किये जाने,

(26) डॉ. रामकिशोर दोगने, सदस्य, हरदा जिले के नहर की सोनतलाई माईनर को ग्राम सोनतलाई तक बढ़ाये जाने,

(27) श्री सुशील कुमार तिवारी, सदस्य, जबलपुर जिले के पनागर एन.एच. 7 से ग्राम फुटाताल तक सी.सी. रोड निर्माण किये जाने,

(28) श्री संजय उइके, सदस्य, बालाघाट जिले के ग्राम गर्राटोला से मानेगांव तक डामरीकृत सड़क का निर्माण किये जाने,

(29) श्री दीवान सिंह पटेल, सदस्य, बड़वानी जिले के खेतिया नगर में जमीन का पट्टा दिलाये जाने,

(30) श्रीमती चन्दा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के ग्राम मलगुवां से सरकर रोड पर एवं ढिमरवां मुहल्ला में पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(31) श्री सुन्दरलाल तिवारी, सदस्य, रीवा जिले के ग्राम दूबी से महिया होते हुए पडरिया के दिवाकर सिंह के घर तक मार्ग का निर्माण किये जाने,

(32) श्री अमर सिंह यादव, सदस्य, राजगढ़ जिले के पुराने बस स्टेण्ड एवं शासकीय बालक छात्रावास से अतिक्रमण हटाकर बाउण्ड्रीवाल बनाये जाने,

(33) श्रीमती झूमा सोलंकी, सदस्य, खरगोन जिले के ग्राम भीकनगांव की पुलियों का मरम्मत कार्य कराये जाने,

(34) श्री हितेन्द्र सिंह ध्यान सिंह सोलंकी, सदस्य, खरगोन जिले के ग्राम चितावद से नीमखेड़ी तक डामरीकृत मार्ग स्वीकृत किये जाने,

(35) श्री रजनीश सिंह, सदस्य, भोपाल शहर के वार्ड क्र. 03 बैरागढ़ के ग्राम जमुनिया-छींर से छैघरा तक सड़क का डामरीकरण कराये जाने,

(36) श्री प्रताप सिंह, सदस्य, दमोह जिले के ग्राम करनपुरा से जोगनकुण्ड तक मार्ग स्वीकृत किये जाने,

(37) श्री के.के. श्रीवास्तव, सदस्य, टीकमगढ़ जिले में नवीन शासकीय मेडीकल कालेज खोले जाने,

(38) श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य, नीमच जिले के ग्राम हरनावदा से राबड़िया तक डामरीकृत सड़क बनाये जाने,

(39) श्री मधु भगत, सदस्य, बालाघाट जिले के ग्राम देवरी से हरदोली मार्ग की नदी पर पुल निर्माण किये जाने,

(40) श्री नीलांशु चतुर्वेदी, सदस्य, सतना जिले के ग्राम मझगवां (झूरी) से गडरी के मध्य हथिया नदी पर पुल बनाये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

**6. वर्ष 2018-2019 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा ....... (क्रमशः).**

**ए. पी. सिंह**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 11 मार्च, 2018**